खुलासा

पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष की हत्या का एसपी आनंद कलादगी ने किया खुलासा

सड़क दुर्घटना नहीं, देवेंद्र की गई थी हत्या

रिश्ते के मामा के लड़कों ने दिया था घटना को अंजाम वर्चस्व की लड़ाई में हत्याकांड तक पहुंचा विवाद

नवभारत,दमोह. सागर मार्ग पर देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर उम्र करीब 40 वर्ष की स्कार्पियो कार से कुचलकर हत्या के मामले का बुधवार शाम एसपी के द्वारा जबलपुर नाका स्थित कंट्रोल रूम में खुलासा कर दिया गया है.पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने खुलासा कर बताया कि इस मामले में मृतक देवेंद्र ठाकुर के ही रिश्ते के मामा के लड़के आरोपी के रूप में पकड़े गए हैं.इसके अलावा उनके चाचा का लड़का भी इसमें शामिल था. तीनों ने हत्याकांड को अंजाम दिया था. घटना के बाद यह लोग जबलपुर बाईपास पर अपनी कार छोड़कर भाग गए थे.

सीसीटीवी से खुला राज और पकड़े आरोपी

सीसीटीवी फुटेज में आरोपी भागते हुए दिखाई दिए .इसके बाद पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में उनकी खोजबीन शुरू की और नोहटा थाना क्षेत्र से आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. गुरुवार को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा और आगे की पूछताछ की जाएगी.

वर्चस्व की लड़ाई में हुई हत्या

एसपी ने बताया कि 2020 से इनके बीच वर्चस्व को लेकर लड़ाई की शुरुआत हुई. 2020 में मृतक देवेंद्र की तरफ से दुर्गेश राजपूत और उसके बेटे वैभव और विशाल पर एक मामला दर्ज कराया गया.इसके बाद 2021 में दुर्गेश पर बृजेश अहिरवार नामके युवक ने हमला किया था. जिसमें धारा 307 के तहत मामला दर्ज किया गया. इस मामले में दुर्गेश फरियादी था, इसके बाद बृजेश अहिरवार की तरफ से दुर्गेश के ऊपर भी एक काउंटर केस दर्ज कराया गया. दुर्गेश को यह आशंका थी कि मृतक देवेंद्र के द्वारा अहिरवार परिवार को सपोर्ट किया जाता है और तभी से उनके बीच और अधिक विवाद की शुरुआत हुई.जिसमें यह विवाद हत्याकांड तक पहुंच गया. एसपी आनंद कलादगी ने बताया कि आरोपी नए बस स्टैंड के पास अपनी कार छोड़कर भागे.वहां पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं. जिसमें आरोपी करीब 1 किलोमीटर दूर तक भागते हुए दिखाई दिए. पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज देखी.

पुराना विवाद चल रहा था

बुधवार शाम दमोह एसपी आनंद कलादगी के द्वारा पूरे मामले का खुलासा किया. उन्होंने बताया कि मृतक देवेंद्र ठाकुर जो भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष थे. उनके रिश्ते के मामा दुर्गेश राजपूत से वर्चस्व को लेकर पुराना विवाद चल रहा था. इसी के चलते दुर्गेश के बेटे वैभव राजपूत, विशाल व उनके चाचा के लड़के अभिषेक राजपूत तीनों ने मिलकर हत्याकांड को अंजाम दिया. पहले यह एक्सीडेंटल मामला लग रहा था, लेकिन साक्ष्य मिलने के बाद इस मामले में हत्याकांड का खुलासा हुआ है .इस मामले में घटनास्थल के पास ही गन्ने की दुकान लगाने वाले दुकानदार और फल बेंच रही एक महिला ने भी घटना को देखा था. इसके अलावा वहां से निकल रहे ग्वालियर के कुछ लोगों ने भी हत्याकांड को देखा था. जिसकी सूचना डायल 112 को दी थी. जिसके बाद पुलिस ने सभी कड़ियां जोड़ते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.

किया गया पीछा-एसपी कलादगी

एसपी ने बताया की देवेंद्र अपनी बाइक से अपने गांव बरमासा गांव जा रहा था. तीनों आरोपी स्कॉर्पियो से आ रहे थे. उन्हें जानकारी लगी कि देवेंद्र बाइक से अकेला जा रहा था, तो उन्होंने सागर नाके के समीप पहले उसे पीछे से टक्कर मारी. जिससे देवेंद्र नीचे गिरकर घायल हो गया .उसके बाद फिर गाड़ी रिवर्स लेकर आए और ऊपर चढ़ा दी. स्कॉर्पियो को वैभव चला रहा था और विशाल बाजू से बैठा था अभिषेक पीछे बैठा था.

एएसपी और सीएसपी के नेतृत्व में टीम ने पाई सफलता

एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया और सीएसपी एचआर पांडे के नेतृत्व में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए थाना प्रभारी अमित गौतम,चौकी प्रभारी सागर नाका विक्रम दांगी,नरसिंहगढ़ चौकी प्रभारी रोहित कुमार द्विवेदी, इमलिया चौकी प्रभारी रमाशंकर मिश्रा, एएसआई अकरम खान, प्र .आ .सतेंद दुबे, आरक्षक अखिलेश छारी, यशवंत राजपूत, राहुल राय, अरविंद पटैल मनीष पटैल, राजकुमार पटेल, शहवाज खान,अरूण गुर्जर, विमल छारी, सैनिक बबलू दुबे, सुनील तिवारी और टीम गठित की गई.

नल के कनेक्शन पर टेंट लगाकर पानी की बर्बादी

▸ हजारों लीटर पानी बह रहा व्यर्थ

नवभारत,दमोह. एक तरफशहर में पानी की किल्लत से लोग परेशान हैं, वहीं दूसरी ओर मागंज स्कूल वार्ड के समीप नल के कनेक्शन पर टेंट लगाकर हजारों लीटर पानी बर्बाद किया जा रहा है.जिम्मेदारों की अनदेखी से यह बर्बादी लगातार जारी है.

दमोह शहर के मागंज स्कूल वार्ड के पास मुख्य सड़क किनारे लगे सार्वजनिक नल के कनेक्शन के ऊपर टेंट लगा दिया गया है.टेंट संचालक द्वारा नल को खुला छोड़ दिया गया है, जिससे लगातार पानी बह रहा है.स्थानीय रहवासियों का कहना है कि कई घंटों से हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है.एक तरफशहर के कई इलाकों में लोग पानी के लिए परेशान हैं, टैंकरों का इंतजार कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर इस तरह पानी की बर्बादी की जा रही है.नगर पालिका द्वारा न तो टेंट हटवाया जा रहा है और न ही पानी की बर्बादी रोकी जा रही है.

जिला स्तरीय प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा

नवभारत,दमोह। मुख्यालय द्वारा दिए गए निर्देशानुसार होमगार्ड व एसडी ईआरएफ के जवानों की क्षमता वृद्धि कौशल विकास हेतु डीसी हर्ष कुमार जैन के नेतृत्व में जिला स्तरीय प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है।जिसमें आज बाढ़ आपदा के पूर्व की तैयारी व बाढ़ के दौरान राहत व बचाव कार्य,रबर बोट तैयार करना,घटनास्थल तक के जाने का प्रशिक्षण दिया गया.

गैस एजेंसियों की जांच के साथ जल समस्याओं पर भी प्रशासन गंभीर

कलेक्टर के निर्देश का दिखा असर

जिले से गांव तक अधिकारी पहुंचे मैदान में

नवभारत,दमोह. कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशों का असर अब जिलेभर में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है.जनसुनवाई में आम जनता से प्राप्त शिकायतों और समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने अधि कारियों को निर्देश दिए थे कि अब अधिकारी कार्यालयों तक सीमित न रहकर सीधे गांव और क्षेत्र में पहुंचकर समस्याओं का समाधान करें.इसी के तहत बुधवार को जिले से लेकर

ग्रामीण स्तर तक प्रशासनिक अधिकारी मैदान में नजर आए.जिलेभर में गैस एजेंसियों व संबंधित प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया.वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्याओं को लेकर बैठकें आयोजित कर समाधान के प्रयास किए गए.मड़ियादो में तहसीलदार आलोक जैन ने अनन्या गैस एजेंसी का निरीक्षण किया. बटियागढ़ तहसीलदार योगेंद्र चौधरी ने क्षेत्र की गैस एजेंसी की जांच की. पथरिया एसडीएम निकेत चौरसिया ने महाकाल गैस एजेंसी पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया. जबकि दमोह शहर में एसडीएम सौरभ गंधर्व ने शहर की गुप्ता सहित अन्य गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया.वहीं तेंदूखेड़ा एसडीएम सी.जी. गोस्वामी ने तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत 27 मील स्थित एक हार्डवेयर दुकान पर जांच कार्रवाई की. जहां अवैध रूप से गैस सिलेंडरों से संबंधित पुस्तकें मिलने की जानकारी सामने आई, मामले की जांच जारी है.इधर हटा क्षेत्र के आदिवासी अंचलों में पेयजल समस्याओं को लेकर भी प्रशासन गंभीर नजर आया. हटा एसडीएम राकेश मरकाम ने ग्राम पंचायत रजपुरा में रजपुरा, दमोतीपुरा और नारायणपुरा के जल प्रबंधन को लेकर बैठक आयोजित की.बैठक में जनपद पंचायत सीईओ संजीव गोस्वामी भी मौजूद रहे.

होमगार्ड जिला कमांडेंट हर्ष कुमार जैन ने एसपी आनंद कलादगी से की सौजन्य भेंट

नवभारत,दमोह। होमगार्ड जिला कमांडेंट हर्ष कुमार जैन ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी से सौजन्य मुलाकात की.एसपी कार्यालय पहुंचकर जिला कमांडेंट श्री जैन ने नवागत पुलिस अधीक्षक का स्वागत किया.इस दौरान जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने में होमगार्ड और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय को लेकर चर्चा हुई.पुलिस अधीक्षक ने आपदा प्रबंधन और वीआईपी ड्यूटी सहित अन्य कार्यों में होमगार्ड जवानों की भूमिका की सराहना की. दोनों अधिकारियों ने भविष्य में भी तालमेल के साथ कार्य करने पर सहमति जताई.

तेन्दूखेड़ा में अपहृता को किया गया दस्तयाब

नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह.24 को ग्राम ग्राम खंगोरिया से एक नाबालिग लड़की को अज्ञात आरोपी द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी थी, जिसके संबंध में थाना तेन्दूखेड़ा जिला दमोह में अपराध क्र. 186/2026 धारा 137(2) भान्यासं का पंजीबद्ध किया गया था .अपराध कायमी के पश्चात् अपहृता की तलाश की गयी,जो अपहृता/नाबालिग गुमशुदा दिनांक 11/05/2026 को पाटन जिला जबलपुर से दस्तयाव की गयी, जिसे थाना तेन्दूखेड़ा में उसके माता -पिता के सुपुर्द किया गया. है .पुलिस अधीक्षक आनन्द कलादगी के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया व एसडीओपी तेन्दूखेड़ा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी तेन्दूखेड़ा द्वारा टीम गठित कर दस्तयाबी की कार्यवाही की गयी है .सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी तेन्दूखेड़ा निरी. रावेन्द्र बागरी, प्र .आर. महेश सिंह, प्र .आर. सालिम खान, आर. गोपाल सिंह, आर. नंदलाल कुर्मी,म.आर.अंकिता मिश्रा,सायबर सेल दमोह से प्र.आर. सौरबटण्डन,प्र .आर. राकेश अठ्या,आर.मयंक मिश्रा की सराहनीय भूमिका रही.

ऊर्जा विभाग के 21 वितरण केन्द्र कार्यालयों में मंगलवार को किया गया जन सुनवाई का आयोजन

नवभारत,दमोह. म. प्र.शासन ऊर्जा विभाग की मंशानुसार विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता के निर्देशन में विद्युत संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु 12 मई 2026 को वृत्त कार्यालय दमोह के साथ-साथ संभागीय कार्यालयों, उपसंभाग व प्रत्येक वितरण केन्द्र कार्यालय में जन सुनवाई का आयोजन किया गया.जिसमें कुल 177 नं.आवेदन उपभोक्ताओं से प्राप्त हुए.जिनपर त्वरित कार्यवाही करते हुये 146 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया.शेष प्रकरणों में कार्यवाही जारी है.अधीक्षण अभियंता अमित चौहान ने जन सुनवाई के दौरान उपभोक्ताओं से चर्चा करते हुये अवगत कराया कि वर्तमान में म.प्र. शासन की समाधान योजना संचालित की जा रही है.इसमें विद्युत उपभोक्ताओं को नियमानुसार अधिभार में छूट प्रदान की जा रही है.योजना 15 मई 2026 तक के लिये लागू है. अधीक्षण अभियंता ने मौके पर विद्युत उपभोक्ताओं को समाधान योजना की जानकारी प्रदान की व अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु अनुरोध किया.अधीक्षण अभियंता ने यह भी बताया कि जन सुनवाई प्रत्येक मंगलवार को जिला मुख्यालय के साथ साथ प्रत्येक वितरण केन्द्र कार्यालय में प्रात:11 बजे से दोपहर 01बजे तक आयोजित की जाती है.

प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार विकास कार्यों की आज करेंगे समीक्षा

नवभारत,दमोह. प्रदेश के उच्च शिक्षा,तकनीकी शिक्षा व आयुष मंत्री तथा दमोह जिले के प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार आज 14 मई गुरुवार को प्रात: 11 बजे कोर कमेटी की बैठक में,प्रात:11:30 बजे कलेक्टर कार्यालय में जिले के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक लेंगे। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं व प्रगति कार्यों की समीक्षा की जाएगी।समीक्षा बैठक के बाद प्रभारी मंत्री श्री परमार अपरान्ह 4 बजे दमोह से प्रस्थान करेंगे। इसके पश्चात अपरान्ह 4:30 बजे शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय बनवार में विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे।कार्यक्रम उपरांत वे शाम 5:30 बजे बनवार से पन्ना के लिए रवाना होंगे।

वेतन भुगतान को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

नवभारत,दमोह। जनजातीय विभाग में कार्यरत अंशकालिन कर्मचारियों का लंबे समय से लंबित वेतन भुगतान को लेकर आक्रोश सामने आया है।

मंगलवार को मप्र स्थाई कर्मी कल्याण संघ,जिला दमोह के अध्यक्ष बबलू ठाकुर उर्फसंतोष सिंह के नेतृत्व में कर्मचारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और जनसुनवाई में कलेक्टर नारायण प्रताप यादव को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र वेतन भुगतान की मांग की। कर्मचारियों ने बताया कि पिछले 10 से 11 महीनों से वेतन नहीं मिलने के कारण उन्हें गंभीर आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।परिवार का भरण-पोषण, बच्चों की पढ़ाई और दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करना मुश्किल हो गया है।कर्मचारियों का कहना है कि पूर्व में भी कई बार संबंधित अधिकारियों को आवेदन व ज्ञापन दिए जा चुके हैं,लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ज्ञापन प्राप्त होने के बाद कलेक्टर नारायण प्रताप यादव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए भोपाल स्तर के अधिकारियों से फोन पर चर्चा की।

एक नजर में

श्री गुरुनानक हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

नवभारत,दमोह .वार्षिक परीक्षा सत्र 2025-26 में श्री गुरुनानक हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है .कक्षा 12वीं के वाणिज्य व विज्ञान संकाय के मेधावी छात्रों ने शानदार अंक प्राप्त कर सफलता का नया आयाम स्थापित किया .वाणिज्य संकाय में छात्र नितांश जैन ने 95 .80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया .वहीं ऋषि दुबे ने 95 .40 प्रतिशत व आर्जव जैन ने 95 .20 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय की उपलब्धियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया .इसी प्रकार विज्ञान संकाय में शालिनी पटेल ने 86 .40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया . अनामिका पटेल ने 86 प्रतिशत व आर्यन शर्मा ने 84 .60 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया .विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य व समस्त शिक्षकगणों ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

सामूहिक गीत व समूह नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने मन मोहा

नवभारत,दमोह। शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में आयोजित 12 दिवसीय समर कैंप का समापन समारोह आज 12 मई 2026 को उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। विद्यालय स्तर पर आयोजित यह समर कैंप 1 मई 2026 से संचालित किया जा रहा था, जिसमें कक्षा 4जी से 12जी तक के लगभग 100 छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की।समर कैंप में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए नृत्य,संगीत,

विभिन्न खेल गतिविधियाँ,एआई असेसमेंट, पेंटिंग, ड्राइंग, कंप्यूटर प्रशिक्षण सहित अनेक रचनात्मक व शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में गुलाब सिंह चौधरी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में डी.के. मिश्रा,आलोक सोनवलकर, मुकेश द्विवेदी, ललित रैकवार, निशा असाटी, आर.बी.सिंह, अखिलेश सोनी,बहादुर सिंह ठाकुर, राम शंकर चौराहा व नजीर खान की उपस्थिति रही।

मोटरसाईकिल को अज्ञात चार पहिया वाहन ने मारी टक्कर

एक की मौत, एक गंभीर रूप से घायल, बच्ची सुरक्षित

नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह. थाना तेंदूखेड़ा से 3 किलोमीटर दूर चौराई वार्ड क्र. 15 के आगे पुल के पास मोटर साईकिल सवार युवक को अज्ञात चार पहिया वाहन टक्कर मारकर भाग गया. युवक को एक निजी वाहन मालिक अपने वाहन से स्वस्थ केंद्र लाये.जहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गयी, जबकि एक युवक घायल होने पर केंद्र मे इलाज चल रहा है.जानकारी लेने पर घायल राजू पिता संतोष गौड़

निवासी हाथीडोल बताया ने की मोटर साईकिल से और मनका निवासी हरी गिरी महाराज शादी में शामिल होने ढाना गए थे. मेरे साथ मेरी 5 वर्ष की बच्ची भी थी. हम लोग शादी के बाद वापिस आ रहे थे. तभी अचानक चौरई के पास एक स्कॉर्पियो वाहन के चलाक ने जो तारादेही की तरफ से आ रहा था. सामने से टक्कर मारदी. जिससे 5 वर्ष की बच्ची उछल कर दूर जा गिरी और में पीठ के बल गिरा.जिससे मेरी पीठ की पूरी चमड़ी छिल गयी और चोटे आई.

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटेरा में 13 यूनिट रक्त एकत्र

नवभारत,दमोह। जरूरतमंद मरीजों को समय पर पर्याप्त रक्त उपलब्ध कराने तथा आमजन में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटेरा में आज रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में क्षेत्र के युवाओं, एसबीआई बैंक से जुड़े कर्मचारी एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।शिविर में स्थानीय नगर परिषद उपाध्यक्ष दीपक ताम्रकार की विशेष उपस्थिति रही।जिला पैथालॉजिस्ट डॉ. प्रशांत सोनी के मार्गदर्शन और निगरानी में जिला स्तर से पहुची वातानुकूलित मोबाईल ब्लड डोनेशन वैन के माध्यम से रक्त संग्रहण किया गया। शिविर में 13 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।इस अवसर पर सीबीएमओ डॉ .आरआर बागरी, बीपीएम अनिल कटारया सहित सीनियर लैब टैक्नीशियन सौरभ खरे, अनुपम खरे सहित स्वास्थ्य विभाग का अमला मौजूद रहा।

हाथापाई | दहशत में युवक की मौत

विवाद में हुई मारपीट,हवा में की फायरिंग

नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह. तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सेहरी में टेक्टर से मुराम डालने के विवाद में आपस में तू-तू मैं होने के बाद धक्का-मुक्की के साथ हाथपाई होने पर एक युवक ने हवा कट्टे से फायरिंग कर दी. जिस से दहसत में आने से युवक को अटैक आ गया और उसकी मौत हो गयी. जानकारी लेने पर मृतक चन्दभान यादव के भाई अनिल यादव ने बताया की मंगलवार रात्रि में अपने खेत से मेरा भाई स्वयं ट्रेक्टर से अपने घर के सामने मुरम डाल रहा था. तभी दिनेश यादव उसके तीन साथी

ग्राम से दूर रोड पर बन रहे ढावे पर मुरम डालने को कहने लगे जिसपर मेरे भाई ने मना किया. तो धमकी देकर गाली गलौज करने लगे. गली देने से मना किया, तो हाथापाई करने लगे और गोली चला दी.जिससे मेरे भाई की मौत हो गयी.सुबह सामुदायिक केंद्र में मृतक चन्दभान का डॉ. ने शव परिक्षण किया गया, तो युवक के शरीर में ना कोई चोट के निशान है, ना ही गोली लगने के निशान पाए गए,जिस पर यहां बात सामने आई कि आपसी विवाद तो हुआ और गोली चली.परतु युवक की मौत गोली चलने से नहीं हुई.दहसत में अटैक आ गया और युवक की मौत हो गयी.

इनका कहना है...

तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र में हुए विवाद में युवक की मौत का मामला सामने आया है. जिसमें युवक को कहीं भी गोली नहीं लगी है .जहां तक हार्ट अटैक से युवक की मौत हुई है .पूरे घटना की जांच पुलिस कर रही है.

आनंद कलादगी, पुलिस अधीक्षक दमोह

सेहरी ग्राम में किसी बात पर दो पक्षों में विवाद हुआ और एक पक्ष ने गोली चला दी. जिससे दहसत में युवक की मौत हो गई .चार आरोपियों पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है.

रावेंद्र बागरी, थाना टीआई तेंदूखेड़ा

नाम सुधार सूचना

मै शपथकर्ता सोहिल खान पिता सब्बीर खान जाति मुस्लमान उम्र 28 बर्ष सा. बटियागढ तहसील बटियागढ जिला दमोह शपथ पूर्वक निम्न कथन करता हूँ-

1. यह की मेरी पुत्री अरबीन खान ना.बा. उम्र 05 बर्ष के नाम से पोस्ट आफिस बटियागढ मे सुकन्या समृद्धि योजना के अन्तर्गत खाता खुला हुआ है। जिसमे मेरी पुत्री का नाम आरीफा खान त्रुटिवश दर्ज करा दिया गया था। जबकि आधार जन्म प्रमाण पत्र अन्य दस्तावेजो मे मेरी पुत्री का नाम अरबीन खान दर्ज है।

2. यह कि मेरी पुत्री का सही नाम अरबीन खान होने के एवं सामाचार पत्र मे आरीफा खान एवं अरबीन खान दोनो नाम मेरी पुत्री के होने के संबंध मे यह शपथ पत्र श्रीमान जी के समक्ष प्रस्तुत र रहा हूँ।

3. यह कि उपरोक्त शपथ पत्र के समस्त कथन सच व सही है इसमे कुछ भी छिपाया नही गया है यदि शपथ पत्र में कोई कथन असत्य पाया जाता है तो उसके लिये मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।

शपथकर्ता